फा.सं. E/15/2025-C-2

भारत सरकार,
कर्मचारी चयन आयोग,
कार्मिक, लोक-शिकायत और पेंशन मंत्रालय,
ब्लॉक स॰ 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी एवं सीबीएन) परीक्षा, 2025: हवलदार के पद के लिए पीईटी/पीएसटी हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के अतिरिक्त परिणाम की घोषणा के संबंध में ।

कर्मचारी चयन आयोग ने हवलदार के पद के लिए पीईटी/पीएसटी हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी एवं सीबीएन) परीक्षा, 2025 के कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम दिनांक 03.08.2026 को घोषित किया। हवलदार के पद के लिए पीईटी/पीएसटी में शामिल होने हेतु कुल 8071 अभ्यर्थियों (02 रोक कर रखे गए अभ्यर्थियों सहित) को शॉर्टलिस्ट किया गया।

2. दिनांक 03.08.2026 को प्रकाशित रिजल्ट राइट अप के पैरा 9 के अनुसार, परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा 20 के तहत सीबीई में संदिग्ध कदाचारों के कारण 727 अभ्यर्थियों के परिणाम तैयार नहीं किए गए थे ।

3. कुछ असंतुष्ट अभ्यर्थियों ने सीएटी-पीबी (CAT-PB) के सामने यह मामला उठाया था। माननीय सीएटी-पीबी (CAT-PB) से मिली आंशिक राहत को लागू करते हुए, आयोग ने हवलदार के पद के लिए पीईटी/पीएसटी हेतु शॉर्टलिस्ट करने के लिए इन 727 अभ्यर्थियों के परिणाम तैयार करने का फैसला किया है। तदनुसार, इन 727 अभ्यर्थियों में से 542 अभ्यर्थियों **(सूची)** को

हवलदार के पद हेतु पीईटी/पीएसटी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। तथापि, संदिग्ध गतिविधियों/कदाचारों के कारण इन सभी 542 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रोक कर रखी गई है।

4. उपरोक्त 542 अभ्यर्थियों के अतिरिक्त, हवलदार पद हेतु पीईटी/पीएसटी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 727 अभ्यर्थियों में से नीचे दिए गए 15 अभ्यर्थियों के परिणाम पुलिस जांच लंबित होने के कारण सीलबंद लिफ़ाफ़े में रखे गए हैं ।

525270003112	525270007899	525270008299
525270004198	525270008072	525270008311
525270004738	525270008265	525270018335
525270005702	525270008275	525270019620
525270007221	525270008280	525270043303

5. दिनांक 03.08.2026 के राइट-अप में बताई गई अन्य नियम और शर्तें वैसे ही रहेंगे।

अवर सचिव, भारत सरकार
07.10.2026